अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

26 Jan., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है**




- साल 1947 में भारत आजाद हुआ था।
- इसके तीन साल बाद 26 जनवरी के दिन भारत का संविधान लागू हुआ।
- संविधान लागू होने से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी, 1950 को भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी।
- इसी वजह से हर साल 25 जनवरी के दिन भारत का राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

**2. 75वें गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना के 80 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी**



- 80 जवानों को मिलेगा गैलेंट्री अवॉर्ड: इनमें 6 कीर्ति चक्र, 16 शौर्य चक्र और 53 सेना मेडल; एक नौसेना-चार वायु सेना मेडल
- 6 कीर्ति चक्र (3 मरणोपरांत), 16 शौर्य चक्र (2 मरणोपरांत), 53 सेना मैडल (7 मरणोपरांत) समेत एक नौसेना और 4 वायुसेना मैडल शामिल हैं।
- 75वें गणतंत्र दिवस से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना के 80 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी है।
- 12 जवानों को मरणोपरांत ये सम्मान दिए जाएंगे।
- कैप्टन अंशुमान सिंह, आर्मी मेडिकल कोर, 26वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट, 9 पैरा स्पेशल फोर्स यूनिट के हवलदार अब्दुल माजिद और 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के सिपाही पवन कुमार को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है।
- सेना के उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, मध्य सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।
- भारतीय वायु सेना के मैंटेनेंस कमांड प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे को परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया।



**3. कर्नाटक HC के मुख्य न्यायाधीश को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया**




- केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी दे दी है।
- संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद, कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रसन्ना भालचंद्र वरले को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं।
- विकास के बाद, सुप्रीम कोर्ट 34 न्यायाधीशों की अपनी स्वीकृत शक्ति के साथ काम करेगा।

**4. अरुणाचल प्रदेश के 12 उत्पादों को GI टैग मिला**



- नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) जिला विकास प्रबंधक कमल रॉय ने अरुणाचल प्रदेश के 12 उत्पादों को ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (GI) टैग मिलने की घोषणा की।
- अब तक अरुणाचल प्रदेश के कुल 18 उत्पादों को GI टैग मिल चुका है।

- GI टैग प्राप्त सिंगफो चाय दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इसे घाटियों और पहाड़ियों से होकर गुजरने वाली ब्रह्मपुत्र नदी के किना मैदानों पर उगाया जाता है।
- अरुणाचल प्रदेश के उत्पादों में अपातानी, मोनपा, आदि, गैलो, ताई खामती, न्यीशी वस्त्र, मोनपा हेंडमेड कागज को GI टैग मिला।
- सिंगफो फलाप (सिंगफो चाय), आदि अपोंग, दाओ, अंगन्यात बाजरा और मारूआ अपो को भी यह टैग दिया गया है।
- GI टैग उन चीजों को दिया जाता है, जो किसी स्पेसिफिक लोकेशन पर पाई जाती है।
- ट्रेडिशनल तरीकों से तैयार की गई खास चीजों को यह टैग दिया जाता है।

5. **भारतीय वायु सेना (IAF) ने 'अभ्यास डेजर्ट नाइट' (Exercise Desert Knight) का आयोजन किया**



- बीते दिनों भारतीय वायु सेना (IAF) ने 'अभ्यास डेजर्ट नाइट' (Exercise Desert Knight) का आयोजन किया
- इस अभ्यास में फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (FASF) के साथ संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की वायु सेना ने भी भाग लिया
- अभ्यास के दौरान फ्रांस की तरफ से राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट शामिल हुआ था
- जबकि, संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेना की ओर से F-16 लड़ाकू विमान ने हिस्सा लिया
- वहीं, IAF के दल में Su-30 MKI, मिग-29, जगुआर, AWACS, सी-130-जे और हवा से हवा में ईंधन भरने वाला विमान शामिल थे
- यह अभ्यास भारतीय क्षेत्र में अरब सागर के ऊपर संचालित किया गया था

6. **हिमाचल प्रदेश राज्यत्व दिवसः 25 जनवरी**




- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मपुर में हिमाचल प्रदेश के 54वें राज्यत्व दिवस की अध्यक्षता की।
- 18 दिसंबर, 1970 को संसद ने हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम पारित किया और 25 जनवरी, 1971 को नया राज्य अस्तित्व में आया।
- 25 जनवरी 1971 को तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की अध्यक्षता में एक समारोह में हिमाचल प्रदेश को भारत का 18वां राज्य घोषित किया गया था।

7. **सौम्या तिवारी देश की सर्वश्रेष्ठ जूनियर वुमंस प्लेयर बनीं**



- हैदराबाद में BCCI वार्षिक पुरस्कार-2024 सेरेमनी का आयोजन हुआ।
- इस कार्यक्रम में भोपाल की क्रिकेटर सौम्या तिवारी को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर (जूनियर घरेलू) अवॉर्ड मिला है।
- सौम्या तिवारी ने जनवरी 2022 में साउथ अफ्रीका में हुए वीमेंस अंडर-19 T20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में विनिंग पारी खेली थी।
- सौम्या तिवारी को NCA द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में राजकोट NCA का कप्तान बनाया गया था।

8. **साइमा वाजिद को WHO ने दक्षिणपूर्व एशिया का क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त किया**



- साइमा वाजिद, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी हैं
- साइमा वाजिद ने ऑटिज़्म पर बड़े पैमाने पर कार्य किया है
- वर्तमान WHO दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक भारत की पूनम खेत्रपाल सिंह हैं
- **महत्वपूर्ण नियुक्तियां/Important Appointments**
- भूटान के प्रधान मंत्री - शेरिंग टोबगे
- महाराष्ट्र की पहली महिला DGP - रश्मि शुक्ला
- यूरोपीय निवेश बैंक की अध्यक्ष-नादिया कैल्विनो
- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता - रणधीर जायसवाल

**9. जगदीप धनखड़ ने हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किया**



- डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने गणतंत्र के रूप में भारत के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' शुरू किया।
- इस पहल का उद्देश्य संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना, नागरिकों के बीच गर्व और जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है।
- कानूनी सेवाओं का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से 'न्याय सेतु' पहल भी शुरू की गई
- प्रमुख आयोग-
- निर्वाचन आयोग – 1950
- योजना आयोग – 1950
- वित्त आयोग – 1951
- विश्व विद्यालय अनुदान आयोग – 1953

**10. टू किल ए टाइगर को 96वें ऑस्कर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया**




- 96वें एकडेमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस यानी ऑस्कर्स 2024 की नॉमिनेशन लिस्ट सामने आ गई है।
- इस बार भारत ने नॉमिनेशन में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर कैटेगरी में जगह बनाई है।
- भारत की रहने वाली निशा पाहुजा की 'टू किल अ टाइगर' (To Kill A Tiger) को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर के लिए नॉमिनेट किया गया है।
- 96वें अकादमी पुरस्कार 10 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में दिए जाएंगे
- **ऑस्कर अवार्ड 2023 विजेता-**
- संस्करण - 95वां
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - मिशेल योह

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल कब मनाया जाता है?**
(a) 22 जनवरी
(b) 23 जनवरी
(c) 24 जनवरी
(d) 25 जनवरी

2. **2024 में कितने जवानों को गैलंट्री अवार्ड देने की घोषणा की गई है?**
(a) 66
(b) 78
(c) 80
(d) 90

3. **जनवरी 2024 में, केंद्र सरकार ने ________ _______ के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्न भालचंद्र वरले को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है।**
(a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय
(b) कर्नाटक उच्च न्यायालय
(c) गौहाटी उच्च न्यायालय
(d) बंबई उच्च न्यायालय

4. **हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के कितने उत्पादों को GI tag मिला है?**
(a) 10
(b) 12
(c) 08
(d) 16

5. **निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'अभ्यास डेजर्ट नाइट' आयोजित किया गया?**
(a) भारतीय वायु सेना द्वारा
(b) फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल द्वारा
(c) संयुक्त अरब अमीरात वायु सेना द्वारा
(d) अमेरिकी वायु सेना द्वारा

6. **हिमाचल प्रदेश राज्यत्व दिवस हर साल कब मनाया जाता है?**
(a) 22 जनवरी
(b) 23 जनवरी
(c) 24 जनवरी
(d) 25 जनवरी

7. **BCCI वार्षिक पुरुस्कार 2024 में किसे देश की सर्वश्रेष्ठ जूनियर विमेंस प्लेयर का खिताब मिला है?**
(a) स्मिता सारंगी
(b) सेंथिल पांडियन सी
(c) सौम्या तिवारी
(d) इनमें से कोई नहीं

8. **WHO ने दक्षिणपूर्व एशिया का क्षेत्रीय निदेशक किसे नियुक्त किया है?**
(a) साइमा वाजिद
(b) जागृत कोटेचा
(c) उपल कुंडू
(d) शील वर्धन सिंह

9. **हमारा संविधान, हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किसने किया है?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) जगदीप धनखड़
(c) ओम बिरला
(d) किरण रिजजू

10. **भारत की किस फिल्म को 96वें ऑस्कर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है?**
(a) पुष्पा द राइज
(b) गंगूबाई काठियावाड़ी
(c) टू किल ए टाइगर
(d) ग़दर-2

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (b) | (b) | (a) | (d) | (c) | (a) | (b) | (c) |